Bihar Board Class 7 Hindi Solutions Chapter 5 वीर कुँवर सिंह

BSEB Bihar Board Class 7 Hindi Solutions Chapter 5 वीर कुँवर सिंह

Bihar Board Class 7 Hindi वीर कुँवर सिंह Text Book Questions and Answers

पाठ से –

प्रश्न 1.
वीर कुंवर सिंह से संबंधित किसी एक प्रसंग का उल्लेख कीजिए जो आपको अविश्वसनीय लगता है।
उत्तर:
बाबू वीर कुंवर सिंह की वीरता संबंधित वह प्रसंग हमें अति अविश्वसनीय जैसा लगता है । वे 80 वर्ष की उम्र में भी सेना नायक का कार्य किया । अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिये। अनेक रियासतों (राज्यों) को जीत लिया। जब उनकी बाँह में गोली लगी तो बाँह को अपवित्र जानकर काटकर गंगा को समर्पित कर दिया था।

धन्य है बिहार की भूमि जहाँ बाबू वीर कुंवर सिंह जैसे महान वीर का जन्म हुआ।

प्रश्न 2.
वीर कुंवर सिंह के जीवन से जुड़े कुछ घटना-क्रम तिथियों के साथ स्तम्भ 'क' और स्तम्भ 'ख' में दिये गये हैं। सही-सही उनका मिलान कीजिए।
उत्तर:

स्तम्भ 'क'		स्तम्भ 'ख'
(i) वीर कुँवर सिंह द्वारा स्वाधीनता विजय पताका फहराना	—	23 अप्रैल, 1858 ई०
(ii) दानापुर सैनिक छावनी की सैनिक टुकड़ी द्वारा विद्रोह	—	25 जुलाई, 1857 ई०
(iii) वीर कुँवर सिंह की मृत्यु	—	26 अप्रैल, 1858 ई०
(iv) अंग्रेजी फौज द्वारा जगदीशपुर पर अधिकार	—	13 अगस्त, 1857 ई०
(v) आरा पर विजय	—	27 जुलाई, 1857

प्रश्न 3.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए
(क) वीर कुंवर सिंह का जन्म कहाँ हुआ था?
उत्तर:
वीर कुंवर सिंह का जन्म भोजपुर (आरा) के जगदीशपुर में हुआ था।

evidyarthi

(ख) उनके माता-पिता का नाम क्या था?
उत्तर:
उनकी माता का नाम पंचरतन कुँवर तथा पिता का नाम साहबजादा सिंह था।

(ग) ब्रिटिश झंडे को किस नाम से जानते हैं ?
उत्तर:
"यूनियन जैक" के नाम से जानते हैं।

(घ) वीर कुंवर सिंह ने अपनी रियासत की जिम्मेवारी कब संभाली?
उत्तर:
वीर कुंवर सिंह ने 1827 ई. में पिता की मृत्यु के बाद अपनी रियासत की जिम्मेवारी संभाली।

(ङ) कुँवर सिंह को किस क्षेत्र में ज्यादा रुचि थी?
उत्तर:
घुड़सवारी, तलवारबाजी और कुश्ती के क्षेत्र में कुंवर सिंह को ज्यादा रुचि थी।

पाठ से आगे –

प्रश्न 1.
वीर कुंवर सिंह के किस कार्य से आप ज्यादा प्रभावित हैं और क्यों?
उत्तर:
वीर कुंवर सिंह के बलिदानी कार्य से हम ज्यादा प्रभावित हैं क्योंकि उन्होंने 80 वर्ष की उम्र में भी जब उनके बाँह में फिरंगी की गोली लगी तो फिरंगी की गोली से अपवित्र बाँह को अपने तलवार से स्वयं काँटकर गंगा को अर्पित किया था।

प्रश्न 2.
1857 की क्रांति के समय कुँवर सिंह की जगह आप होते तो क्या करते?
उत्तर:
1857 की क्रांति के समय में कुंवर सिंह की जगह हम होते तो हम भी बाबू वीर कुंवर सिंह की तरह प्राण की बाजी लगाकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की रूप-रेखा कायम करते जिसमें सम्पूर्ण भारत से अंग्रेजों को भगाना हमारी प्राथमिकता होती।

प्रश्न 3.
23 अप्रैल को बिहारवासी किस रूप में मनाते हैं? ...
उत्तर:
23 अप्रैल को बिहारकासी "विजय उत्सव" के रूप में मनाते हैं। रंग-अवीर के साथ गाजे-बाजे बजाकर विजय जुलूस निकाला जाता है।

प्रश्न 4.
"वीर कुंवर सिंह एक योद्धा ही नहीं बल्कि एक कुशल नेतृत्वकर्ता भी थे।" इस कथन के संबंध में अपना विचार व्यक्त कीजिए।
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

वीर कुंवर सिंह एक वीर योद्धा तो थे ही हमारे विचार से एक सफल नेतृत्वकर्ता भी थे। क्योंकि लगभग 80 वर्ष की उस अवस्था में भी उन्होंने दानापुर के विद्रोही सेना को अपने नेतृत्व में लेकर आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। अनेक राज्यों के राजाओं से मिलकर संयुक्त सेना का नायक बने और अनेक युद्ध कर अंग्रेजों को पराजित किया।

प्रश्न 5.
वीर कुंवर सिंह के जीवन का कोई अंश क्या आपके जीवन से मेल खाता है ? उल्लेख कीजिए और अपने मित्रों को बताइए।
उत्तर:
कुश्ती लड़ना बाबू वीर कुंवर सिंह का प्रिय कार्य था। हम भी कुश्ती लड़ते हैं। कुश्ती पौरुष को जागृत करता है। हम हरेक कुश्ती को जीतना . चाहते हैं और जीत भी लेते हैं जिसका मुख्य कारण है नित्य अभ्यास तथा नियम संयम से रहना । खान-पान पर भी ध्यान हमारा खूब रहता है।

व्याकरण –

प्रश्न 1.
इन शब्दों के शुद्ध उच्चारण कीजिए –
उत्तर:
कुंवर, जगदीशपुर, अविश्वसनीय, आजममढ़, रणनीति, वीर प्रसविनी, स्वतंत्रता, अवशेष, फाल्गुन, प्रसिद्ध।

प्रश्न 2.
निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए
उत्तर:
रियासत = राज्य,
झंडा = पताका, ध्वज,
भूमि = धरती, भूमि,
स्वतंत्र = आजाद,
प्रतीक्षा = इन्तजार,
संकल्प = मनत, प्रतिज्ञा ।

https://www.evidyarthi.in/